मणिपुरी श्रीकृष्ण लीला में नट संकीर्तन का विशेष स्थान

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नई दिल्ली और डॉल्स थिएटर, कोलकाता के सहयोग से 22 से 25 अक्टूबर तक पुतुल समारोह आयोजित किया जा रहा है।

समारोह में कठपुतली कला की विभिन्न शैलियों पर प्रदर्शन, शिविर और प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। 23 अक्टूबर को मणिपुर के श्री जी. बसंत शर्मा एवं साथियों ने धागा शैली में नट संकीर्तन और 'एक गोपी, एक श्याम-रासलीला' प्रस्तुत की। कार्यक्रम के आरंभ में अकादमी के निदेशक डॉ. धर्मेंद्र पारे ने कलाकारों का स्वागत किया। प्रस्तुति में बताया गया कि मणिपुरी श्रीकृष्ण लीला में नट संकीर्तन का शुभारंभ के रूप में विशेष स्थान है। 'एक गोपी, एक श्याम-रासलीला' में श्रीकृष्ण की बांसुरी की धुन पर गोपियों का यमुना तट पर एकत्र होना, उनका विरह और श्रीकृष्ण के साथ रास नृत्य का भावपूर्ण चित्रण किया गया।

शॉपर्स स्टॉप का 'गिफ्ट्स ऑफ लव', दिवाली पर 500 से अधिक ब्रांड्स के तोहफे

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः शॉपर्स स्टॉप ने दिवाली के अवसर पर 'गिफ्ट्स ऑफ लव' अभियान शुरू किया है। इसके तहत ग्राहकों को प्रीमियम फैशन, ब्यूटी, परफ्यूम, घड़ियों, हैंडबैग, फुटवियर और एक्सेसरीज की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्शन में 500 से अधिक प्रीमियम ब्रांड्स शामिल हैं।

कंपनी के सीएमओ जितेन महेंद्र ने कहा कि अभियान का उद्देश्य त्योहारी खरीदारी को यादगार अनुभव बनाना और रिश्तों में प्यार व सराहना व्यक्त करने के लिए खास उपहार उपलब्ध कराना है। इसके तहत 'लक्स फेस्ट' के जरिए प्रीमियम ब्रांड्स और विशेष अनुभवों पर जोर दिया गया है।

कंपनी ने एआई आधारित डिजिटल सुविधा भी शुरू की है, जिसमें ग्राहक क्यूआर कोड स्कैन कर अपनी तस्वीर से व्यक्तिगत मैगजीन कवर तैयार कर सकते हैं। 'गिफ्ट्स ऑफ लव' अभियान शॉपर्स स्टॉप के स्टोर्स और ऑनलाइन उपलब्ध है। ग्राहक पर्सनल शॉपर सेवा की मदद से भी उपहार चुन सकते हैं।

भोपाल मंडल में सतर्कता संगोष्ठी आयोजित

नप्र, भोपालः पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल कार्यालय में 23 अक्टूबर को सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 के तहत संगोष्ठी आयोजित की गई। वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी नीरज कुमार ने इसकी अध्यक्षता की। मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी भी उपस्थित रहे।सतर्कता जागरूकता सप्ताह 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक आयोजित होगा। इस वर्ष की थीम 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' है। इसका उद्देश्य कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही, ईमानदारी और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना तथा भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता को मजबूत करना है।

बैंक ऑफ इंडिया ने ग्वालियर में वाहन डीलर मीट आयोजित की

ग्वालियर। बैंक ऑफ इंडिया के भोपाल अंचल ने 22 अक्टूबर को होटल क्लार्क्स इन सूट्स में वाहन डीलर मीट आयोजित की। इसका उद्देश्य वाहन डीलरों के साथ व्यावसायिक संबंध मजबूत करना और वाहन ऋण कारोबार को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम में बैंक के आंचलिक प्रबंधक विकास रंजन पटनायक सहित ग्वालियर क्लस्टर की विभिन्न शाखाओं के प्रबंधक और शहर के प्रमुख वाहन डीलर शामिल हुए।

बैठक में ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने, वाहन ऋण प्रक्रिया को सुगम बनाने और बैंक तथा डीलरों के बीच समन्वय बढ़ाने पर चर्चा हुई। आगामी ग्वालियर मेले में वाहन वित्तपोषण को प्रोत्साहित करने और बैंक की योजनाओं का अधिकाधिक ग्राहकों तक प्रचार करने की रणनीति भी बनाई गई। बैंक अधिकारियों ने कहा कि ऐसी पहल से वाहन ऋण कारोबार के विस्तार और ग्राहकों को बेहतर वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

'थ्रेड ऑफ एमपी' फैशन शो में आज, फेमिना मिस इंडिया एमपी धनश्री होंगी शो स्टॉपर

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः फैशन और डिजाइनिंग की दुनिया से जुड़ा आयोजन 'थ्रेड ऑफ एमपी' फैशन शो शनिवार, 24 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। नर्मदापुरम रोड स्थित सेलेस्टियल पार्क होटल में होने वाले इस शो में डिजाइनर सीमा विश्वकर्मा का आकर्षक कलेक्शन प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें मध्यप्रदेश का चंदेरी, महेश्वरी और बाग प्रिंट से तैयार ड्रेस प्रदर्शित की जाएगी। कार्यक्रम में फेमिना मिस इंडिया मध्यप्रदेश धनश्री चौहान शो स्टॉपर के रूप में रैंप पर उतरेंगी। शो का आयोजन शाम 4 बजे से होगा। इसमें फैशन, डिजाइनिंग और ग्लैमर जगत से जुड़े लोगों की मौजूदगी रहेगी। डिजाइनर सीमा विश्वकर्मा अपने कलेक्शन के माध्यम से परिधानों की खास डिजाइन, रचनात्मकता और फैशन के नए अंदाज को प्रस्तुत करेंगी। वहीं, शो स्टॉपर धनश्री चौहान की रैंप वॉक आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहेगी। कार्यक्रम में एक्सीलेंसी टाइम एंटरटेनमेंट के मैनेजिंग डायरेक्टर हरिओम जटिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। 'थ्रेड ऑफ एमपी' के जरिए भोपाल में फैशन और ग्लैमर की दुनिया से जुड़े नए प्रयोगों को सामने लाने की तैयारी है।

कार्यालय रा.नि.मं.- 04 बिलखिरिया तहसील- हुजूर जिला- भोपाल (म.प्र.)

रा.प्र. क्रं. 0525/अ-12/2026-27
ग्राम का नाम-अरेड़ी
प.ह.नं. 38 तहसील हुजूर जिला- भोपाल

सूचना-पत्र

प्रति, 1. फैजुल्ला खां पुत्र मम्मू खां निवासी- ग्राम अनंतपुरा भोपाल (म.प्र.), 2. बी. रामकुमार अय्यर पुत्र डी.पी. अय्यर निवासी- एमआईजी 77 के सेक्टर सोनागिरी भोपाल (म.प्र.), 3. आरती मालवीय पत्नी अनील मालवीय निवासी- भवानी नगर भोपाल म.प्र., 4. श्रीमती सुधादेवी राजपूत पत्नी स्व. रामचरण राजपूत, सुनील सिंह, अर्जुन सिंह पुत्रगण स्व. रामचरण निवासीगण नरेला शंकरी भोपाल म.प्र., 5. शकीला मुकीम पत्नी मो. मुकीम, जासिम मुकीम, मुकीम मुकीम पुत्रगण मो. मुकीम निवासीगण- जहांगीराबाद भोपाल म.प्र., 6. शकीला पत्नी हफीज खान निवासी- अनंतपुरा कोकता भोपाल म.प्र., 7. मधुकर सिंह मनोहर सिंह पुरूषोत्तम सिंह पुत्रगण बी.पी. सिंह, बी.पी. सिंह पुत्र अच्छेलाल सिंह निवासीगण- 40 लक्ष्मीनगर भोपाल म.प्र., 8. समस्त मेढिया कृषक एवं ग्राम चौकीदार। **एतद द्वारा** सूचित किया जाता है कि आवेदक मधुकर सिंह पुत्र बी.पी. सिंह व अन्य निवासीगण- ग्राम अरेड़ी भोपाल (म.प्र) द्वारा ग्राम अरेड़ी प.ह.नं.- 38 तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 244, 245, 246 रकबा क्रमशः 0.820 हे. 1. 270 हे. 0.500 हे. इस प्रकार कुल खसरा नंबर 03 कुल रकबा 2.590 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 29/10/2026 को समय दोपहर 5.15 बजे से स्थल पर किया जावेगा। पड़ोसी खातेदार होने के कारण एवं उक्त सीमांकन से कोई आपत्ति हो तो, नियत दिनांक एवं समय पर स्थल पर भूमि के स्वत्व एवं आनुषांगिक दस्तावेज सहित उपस्थित हो। अनुपस्थिति की दशा में सीमांकन कार्य रोका नहीं जावेगा। बाद प्रस्तुत आपत्ति विचार योग्य नहीं होगी। आज दिनांक 22/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया। **नोट**-1. अपरिहार्य कार्य की वजय से तिथि में परिवर्तन किया जा सकेगा। 2. आवेदक द्वारा स्वयं के व्यय से दैनिक समाचार पत्र में सूचना पत्र का प्रकाशन कराया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं.-04 बिलखिरिया तहसील-हुजूर जिला भोपाल

2028

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार वृत्त-2, तहसील हुजूर जिला भोपाल

प्रकरण क्र. 0310/अ-3/2025-26
भोपाल दिनांक 27/02/2026
ग्राम हरिपुरा अर्जुन नगर प.ह.न. 39

इश्तहार

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जुबेदा मोहम्मद आ. अफजल मो. खान निवासी 36 बी- पटेल नगर रायसेन रोड भोपाल (म.प्र.) ने म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम हरिपुरा अर्जुन नगर प.ह.न. 39 तहसील हुजूर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 56, 57, 58, 59, 60, 61, 62 कुल रकबा 3.642 हे. भूमि जो राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम से स्वत्व स्वामित्व में दर्ज है का नक्शे में बटान दर्ज करने का अनुरोध किया है। आवेदक ने आवेदन पत्र के साथ अन्य सुसंगत दस्तावेज की प्रति प्रस्तुत की है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त सबंध में किसी व्यक्ति संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्याम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा। प्रकरण में आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 03/11/2026 नियत है। उक्त उद्घोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 15/10/2026 को जारी किया गया है।

नायब तहसीलदार
तहसील हुजूर जिला भोपाल

2027

कार्यालय संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. वि.मं., प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल

आम सूचना

कीलनदेव टॉवर्स, शिवाजी नगर, बोर्ड ऑफिस के सामने, भोपाल (म.प्र.) में स्थित फ्लेट क्रमांक- 305, तृतीय तल, ई- टाईप, ए-ब्लाक मण्डल द्वारा (1) श्री विवेक कुमार बाजपेई आत्मज श्री गया प्रसाद बाजपेई (2) श्रीमती साधना बाजपेई पत्नी श्री विवेक कुमार बाजपेई के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 18/03/2020 को पंजीकृत है। (1) श्री विवेक कुमार बाजपेई आत्मज श्री गया प्रसाद बाजपेई (2) श्रीमती साधना बाजपेई पत्नी श्री विवेक कुमार बाजपेई द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती गोरे सोनल शांतनु पत्नी श्री शांतनु गोरे को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसके विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 04/06/2026 को निष्पादित करा दिया है। क्रेता /विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती गोरे सोनल शांतनु पत्नी श्री शांतनु गोरे के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह नि. एवं अधो, वि.म. प्रक्षेत्र-1, भोपाल

2026

कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो.वि.मं., प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल

आम सूचना

पुराना सुभाष नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में फ्लैट क्रमांक 29/16 (प्रथम तल) मण्डल द्वारा DIRECTOR, REGIONAL RESEARCH LABORATORY, BHOPAL के नाम पर आंवटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 09/06/2004 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। CSIR ADVANCED MATERIALS & PROCESSES RESEARCH INSTITUTE (RRL), डायरेक्टर द्वारा अधिकृत हस्ताक्षकर्ता पद प्रशासन नियंत्रक श्री सोमनाथ मजुमदार आत्मज श्री सुभाष चन्द्र मजुमदार द्वारा भवन का विक्रय विलेख का पंजीयन दिनांक 10/11/2025 को उप पंजीयक कार्यालय से पंजीकृत कराकर संपत्ति श्रीमती पार्वती शर्मा पत्नी श्री जगदीश प्रसाद शर्मा को विक्रय कर दिया गया है। भवन के हस्तान्तरण हेतु केता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती पार्वती शर्मा पत्नी श्री जगदीश प्रसाद शर्मा के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 10/11/2025 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती पार्वती शर्मा पत्नी श्री जगदीश प्रसाद शर्मा के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी /या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. वि.मं., प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल

2025

कार्यालय : खादी कमीशन कर्मचारी साख सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल

(पंजीयन क्रमांक/ 425, दिनांक 13.03.1970)
क्रमांक/2026/निर्वा.अधि./02
दिनांक 22.10.2026

निर्वाचन आमसभा की सूचना

संस्था के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मंडल के निर्वाचन बाबत निर्वाचन आमसभा दिनांक 11.11.2026 को दिन-बुधवार को दोपहर 12 बजे से स्थानः संस्था कार्यालय बी-3/4, आफिस काम्पलेक्स, गौतम नगर, भोपाल (म.प्र.) पर आयोजित की गई है। रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती मल्लिका राजपुरोहित भार्गव द्वारा दिनांक 29/10/2026 को दोपहर 12 से 2.00 बजे तक स्थान- संस्था कार्यालय बी-3/4 ऑफिस कॉम्पलेक्स, गौतम नगर, भोपाल नामांकन पत्र लिये जावेंगे, दिनांक 30/10/2026 को दोपहर 12.00 बजे से नामांकन पत्रों की जांच की जावेगी, दिनांक 31/10/2026 को दोपहर 12 से 2.00 बजे तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। उपरोक्त समस्त कार्यक्रम स्थानः कार्यालय उपायुक्त, सहकारिता, डी-ब्लाक, पुराना सचिवालय, जिला-भोपाल (म.प्र.) पर सम्पन्न होंगे। तत्पश्चात चुनाव लड़ने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती मल्लिका राजपुरोहित भार्गव द्वारा किया जावेगा। आमसभा की सूचना के साथ रिटर्निंग अधिकारी द्वारा घोषित कार्यक्रम की सूचना सदस्यों को पृथक से साधारण / स्पीड पोस्ट डाक द्वारा भेजी गई है।

अध्यक्ष
खादी कमीशन कर्मचारी साख सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल

2024

कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो.वि.मं., प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल

आम सूचना

पुराना सुभाष नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में फ्लैट क्रमांक 29/15 (प्रथम तल) मण्डल द्वारा DIRECTOR, REGIONAL RESEARCH LABORATORY, BHOPAL के नाम पर आंवटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 09/06/2004 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। CSIR ADVANCED MATERIALS & PROCESSES RESEARCH INSTITUTE (RRL), डायरेक्टर द्वारा अधिकृत हस्ताक्षकर्ता पद प्रशासन नियंत्रक श्री सोमनाथ मजुमदार आत्मज श्री सुभाष चन्द्र मजुमदार द्वारा भवन का विक्रय विलेख का पंजीयन दिनाँक 10/11/2025 को उप पंजीयक कार्यालय से पंजीकृत कराकर संपत्ति श्रीमती पार्वती शर्मा पत्नी श्री जगदीश प्रसाद शर्मा को विक्रय कर दिया गया है। भवन के हस्तान्तरण हेतु क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती पार्वती शर्मा पत्नी श्री जगदीश प्रसाद शर्मा के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 10/11/2025 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती पार्वती शर्मा पत्नी श्री जगदीश प्रसाद शर्मा के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति /उत्तराधिकारी /या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. वि.मं., प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल

2023

परिशिष्ट B-संख्यांक 13
जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल उन्नीसवीं व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, भोपाल

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
एमजेसी/251/2024
गुलाब सिंह **बनाम** राधेश्याम सहानी
NEXT DATE :25-11-2026

प्रेषिती-राधेश्याम सहानी, छेदीलाल साहनी,पता- म.नं. एन-2/75-76, भेल भोपाल, जिला भोपाल म.प्र.। **यह कि प्रार्थी** गुलाब सिंह ने आपके विरूद्ध एमजेसी/251/2024 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 16-09-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें**:-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

आशीष मिश्रा, न्यायाधीश
उन्नीसवीं व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड, भोपाल

2022

कार्यालय संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. वि.मं., प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड, ई-7 अरेरा कालोनी, भोपाल (म.प्र.) में स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी. 369 मण्डल द्वारा श्रीमती सावित्री पाठक पत्नी स्व. श्री प्रमोद कुमार पाठक के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 03/02/1993 को पंजीकृत किया गया है। श्रीमती सावित्री पाठक का स्वर्गवास 21/08/2010 को एवं उनके पति श्री प्रमोद कुमार पाठक का स्वर्गवास दिनांक 23/10/2021 को हो गया है। आवेदक आवंटी के 1 पुत्र श्री परेश पाठक आत्मज स्व. श्री प्रमोद कुमार पाठक द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, अन्य वारिसों के अनापत्ति शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति /उत्तराधिकारी /संस्था /वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह नि. एवं अधो, वि.म. प्रक्षेत्र-1, भोपाल

2021

सूडोकु नवताल- 7939

★★★★★ कठिनतम

				1			6	
					5			
2		3	9			8		
6							5	
			8		3			
	1							4
		7			1	3		9
			2					
	5			6				

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7938 का हल

7	6	8	2	1	9	3	4	5
2	1	5	6	3	4	8	7	9
3	4	9	5	7	8	6	1	2
5	7	4	8	6	1	9	2	3
9	2	1	3	4	5	7	8	6
8	3	6	7	9	2	1	5	4
1	5	3	4	8	5	2	9	7
4	9	7	1	2	3	5	6	8
6	8	2	9	5	7	4	3	1

Jagrutidaur.com, Bangalore

काकुरो पहेली - 7612



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का इस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणः



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 7611 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 9020



बाएँ से दाएँ

1. सुगंध,खुशबू-3
3. व्यवस्था-2,2
5. आम लोग-2
6. चिंतन,सोच विचार-3
7. पराया-2
8. विनाश,विध्वंस-2
10. अपने ही घर में बंधक-5
12. वलय,घेरा-3
15. आंचल,पल्लू-3
17. सेंधमार-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. एक सवारी गाड़ी-2
23. पीहर,पिता का घर-3
24. नवीन,नया,नवजात-2
25. लात मारना-4
26. जोंक,न भरने वाला जख्म-3

ऊपर से नीचे

1. जी,चित्त,इच्छा-2
2. करधनी,कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
3. तार कसना-3
4. जोकर,विदूषक-4
5. दुनिया,जगत-3
7. पंख-2
9. सदैव,हरदम-2
11. जन्म,पैदा होना-3
13. जुड़वा-3
14. आश्चर्य में पड़ना-5
15. जंगल की आग-4
16. टोंटी,नलका-2
18. वश,अधीन-2
19. परिणाम,हल-3
21. अर्जित करना-3
24. लोहे की तांत-2

शब्द पहेली -9019 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7451



बायें से दायें:-

१. 'दिल से तुझको बेदिली' गीत वाली दिलीपकुमार, मीना की फिल्म-३
३. राजेश खन्ना, डिम्पल की 'जब दर्द नहीं था सीने' गीत वाली फिल्म-४
६. संजय दत्त, नम्रता की फिल्म-३
७. संजीव, सुचित्रा की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
८. 'आया है मुझे फिर' गीत वाली धर्मेन्द्र, शर्मिला की फिल्म-३
१०. 'हुन हुना रे हुन' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'हंसाती है रूलाती' गीत वाली तुषार, ग्रेसी, अमृता की फिल्म-२
१३. संजीवकुमार, राखी की 'तेरे आँखों के दो' गीत वाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'निकाह' में दीपक और राज बब्बर के साथ नायिका कौन थी-३
१६. अनिल, पूनम की 'मिली तेरे प्यार की' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुल राय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२१. तुषार कपूर, अंतरा की फिल्म-३
२३. 'आपका खत मिला' गीत वाली जीतेंन्द्र, रामेश्वरी की फिल्म-३
२४. अभिषेक, अंतरा की 'आवारा मन में' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'ये दुनिया वाले' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२६. 'सुन जरा सोनिये सुन' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, सुष्मिता पटेल की फिल्म-२
२८. सुनील शेट्टी, सोमी की 'दिल मेरा यहाँ' गीत वाली फिल्म-२
३०. मनोजवाजपेई, उर्मिला की फिल्म-२
३२. देवानंद, नूतन की 'हम तो जानी प्यार करेगा' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'जाने क्या पिलाय' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. जीतेंद्र, जीनत की 'मेरी उमर का एक लड़का' गीत वाली फिल्म-२,२
२. अमिताभ, शशि, परवीन, नीतू की फिल्म-३
३. 'चलो बुलावा आया' गीत वाली फिल्म-४
४. 'कोई मिल गया' में ऋतिक का नाम था-३
५. 'चल चमेली बाग में' गीत वाली फिल्म-२
७. 'भोर भये पंछी धुन' गीत वाली राजेश खन्ना, रेखा की फिल्म-३
९. सचिन, सुचेता की 'झुमका कजरा बिंदिया गजरा' गीत वाली फिल्म-४
११. ऋषि, चंकी, नीलम की फिल्म-३
१३. राजकपूर डबल रोल, नर्गिस की फिल्म-२
१४. 'जिंदगी ये पल, ये पल जिंदगी' गीत वाली सुष्मिता, सुशांत की फिल्म-३
१५. धर्मेन्द्र वाली 'जब याद किसी की आती है' की नायिका कौन थी?-२
१७. 'ना ये जमीं थी ना आसमां था' गीत वाली विश्वजीत, राजश्री की फिल्म-३
१८. देव आनंद, हेमा की 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली फिल्म-४
१९. दिलीप कुमार, अनिल कपूर, रति की फिल्म-३
२०. प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
२२. 'बाजूबंद खुल खुल जाये' गीत वाली फिल्म-४
२८. अब्बास, शर्बाणी की 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं तो प्यार' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'याईला रे लड़की' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'कोरे कागज पे लिखवाले' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 7450

बै	र	ग		स	ड़	क		आ	
जू		ज	ह्ला	द		स	सु	र	ल
बा	द	ल		मा	लि	क		ध	
व			बा		बा		बे	ना	म
र	जा	बा	बू		स	रि	ता		हा
	ल	व		बे			ब	से	रा
इ		चीं		खु	द्दा	र			जा
क	र्ज		शा	दी		ख	ली	फा	
बा		गै	र		दा	वा			द
ल	ज्जा		दा	ग		ला	वा	रि	स

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 7545

	3	1	5		7	4
	29	4	29	6	29	
7		2			1	
	31		38		30	2
1	5		7	4		6
	32	5	36		34	7
		7		1	6	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7544 का हल

6	3	2	5	4	1	7
1	27	7	33	5	38	3
3	4	1	2	7	6	5
7	27	6	35	3	38	2
2	1	3	7	6	5	4
4	27	5	35	2	27	1
5	3	4	7	1	2	6

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8565

म	पु	णे	न	सी	ब	आ	ज	ग	ल	ट
रा	वि	ली	प्रे	दि	ल्ली	मे	ष	बा	दी	छ
मि	आ	ब	वृ	क	इं	मुं	ब	न	को	वा
बें	थु	ल	ना	क	डि	आ	ब	ल	ल	चा
न	ग	न	भ	ग	या	ल	न	ई	का	क
ली	ती	लो	सू	र	पु	सिं	र्नि	ग	ता	न
र	स	बा	र	स	क	र	ऊ	ई	है	ब
क	फ	चो	त	क	रा	म	तु	ला	द	म
स	या	औ	र	आ	क	गॉ	ल	प	रा	जी
कुं	भ	म	प	द	अ	ह	म	दा	बा	द
र्त	चे	न्न	ई	ग	र	ल	स	प	द	म

शब्दजाल में देश के सर्वाधिक करोड़पति वाले 10 शहरों के नाम ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.

मुंबई, दिल्ली, पुणे, कोलकाता, सूरत, चेन्नई, अहमदाबाद, बेंगलोर, नागपुर, हैदराबाद

शब्दजाल - 8564 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore